पत्र सूचना शाखा,

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

विश्व पर्यावरण दिवस पर राजभवन में नक्षत्र, राशि एवं नवगृह वाटिका की स्थापना

राज्यपाल ने कल्पवृक्ष का पौधा रोपित किया

राजभवन में हुआ चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

लखनऊः 5 जून, 2020

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज राजभवन में नक्षत्र, राशि एवं नवगृह वाटिका का उद्घाटन किया तथा कल्पवृक्ष का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नक्षत्रों, नवग्रहों एवं राशियों के वर्गीकरण की दृष्टि से कुल 49 पौधे रोपित किये, जिनमें पीपल, बरगल, नीम, आंवला, मौलश्री, जामुन, बेल, सीता अशोक, शमी, आम, कदम्ब, आक, अमरूद, गुलर, लालचंदन सहित अन्य पौधे थे। पौधरोपण कार्यक्रम में राज्यपाल के विशेष

कार्याधिकारी श्री केयूर सम्पत, विधि परामर्शी श्री संजय खरे, वनाधिकारी लखनऊ सहित राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने कहा कि पर्यावरण के लिये वृक्ष आवश्यक हैं। नवस्थापित वाटिका में रोपित किये गये पौधे पर्यावरण एवं औषधीय दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। पौधों को आवश्यकतानुसार पानी देने एवं देखभाल करने से उनका संवर्धन होता है। उन्होंने कहा कि लखनऊ के जैव विविधता इण्डेक्स के अनुसार पहले से स्थापित पार्कों का अनुरक्षण किया जाये तथा नये पार्क विकसित कर पौधरोपण किया जाना चाहिए।

इससे पूर्व आज प्रातः राजभवन में ‘पर्यावरण पर कोविड-19 का प्रभाव’ विषयक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें राजभवन के अधिकारियों सहित राजभवन परिवार के कुल 50 बच्चों ने चार विभिन्न आयु वर्ग में प्रतिभाग किया। बच्चों ने अपने बनाये गये चित्रों को राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत भी किया।

ओ0पी0राय/राजभवन (185/2)

ती का आभूषण''

कल्पवृक्ष
(Adansonia digitata)

कल्पवृक्ष
(Adansonia digitata)